# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली,

प्लाट नं0–बी–26/63, मकान नं0–537, आनन्द नगर, रायबरेली–229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


पत्रांक : 1233 / M–20 / 87 दिनांक 9/6/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– ई– समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित लालगंज में जल जीवन मिशन योजना अटकीः धन की कमी से '' हर घर नल '' परियोजना का काम रूका के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई– समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित लालगंज में जल जीवन मिशन योजना अटकीः धन की कमी से '' हर घर नल '' परियोजना का काम रूका के शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के लालगंज में जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर नल योजना धन की कमी के कारण अधूरी पड़ी है। विकासखंड डलमऊ की ग्राम सभा ऐहार के मजरे पूरे मकरहन का पुरवा समेत आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए शुरू की गई यह परियोजना अब तक ग्रामीणों को लाभ नहीं दे सकी है।<br>योजना के अंतर्गत पूरे मकरहन का पुरवा में दो स्थानों पर बोरिंग कराई गई थी। इसके साथ ही पूरे मकरहन, पूरे प्राण सिंह, पूरे देबाऊ और पार्वती का पुरवा सहित कई बस्तियों में भूमिगत पाइपलाइन भी बिछाई गई है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे पूरी योजना अधर में लटक गई है।<br>जानकारी के अनुसार, लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की इस परियोजना में अब तक करीब एक करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं। लेकिन, निर्माण एजेंसी को भुगतान का केवल एक चौथाई हिस्सा ही मिलने के कारण उसने आगे का काम रोक दिया है। परिणामस्वरूप, बोरिंग और पाइपलाइन का काम होने के बावजूद गांवों में जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।<br>ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने से उन्हें घर–घर शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय से काम बंद होने के कारण उन्हें निराशा हाथ लगी है। ग्रामीणों ने अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है।<br>ग्रामीण पुत्तीलाल यादव, राजू यादव, अंकुर पाल, विपिन रावत और पिंटू साहू ने बताया कि यदि पानी की टंकी का निर्माण और आपूर्ति व्यवस्था समय पर पूरी हो जाए, तो क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। | उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखंड डलमऊ की ऐहार ग्राम पंचायत में पूर्व से निर्मित ऐहार पेयजल योजना की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने के उपरान्त ऐहार पेयजल योजना को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पुर्नगठन हेतु ऐहार पुर्नगठन ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त पेयजल योजना के अंतर्गत 07 ग्राम पंचायते व 12 राजस्व ग्राम सम्मिलित है। योजना के अंतर्गत 08 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 07 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण, 08 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 02 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, वितरण प्रणाली 50.54 कि0मी0 के सापेक्ष 52.00 कि0मी0 बिछायी जा चुकी है। 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 02 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण, 08 नग सोलर के सापेक्ष 02 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना पर अक्टूबर–2024 से धन आवंटन न होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है।<br>भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के समस्त कार्य माह दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराने हेतु समयावद्धि प्रदान की है।<br>अतः उक्त पेयजल योजना पर समस्त कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण कराते हुए जलापूर्ति सुचारू रुप से प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है। |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली,
प्लाट नं0–बी–26 / 63, मकान नं0–537, आनन्द नगर, रायबरेली–229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

पत्रांक : 1233 / M-20 / 87 दिनांक 9/6/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– ई– समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित लालगंज में जल जीवन मिशन योजना अटकी: धन की कमी से '' हर घर नल '' परियोजना का काम रुका के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई– समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित लालगंज में जल जीवन मिशन योजना अटकी: धन की कमी से '' हर घर नल '' परियोजना का काम रुका के शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के लालगंज में जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर नल योजना धन की कमी के कारण अधूरी पड़ी है। विकासखंड डलमऊ की ग्राम सभा ऐहार के मजरे पूरे मकरहन का पुरवा समेत आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए शुरू की गई यह परियोजना अब तक ग्रामीणों को लाभ नहीं दे सकी है।<br>योजना के अंतर्गत पूरे मकरहन का पुरवा में दो स्थानों पर बोरिंग कराई गई थी। इसके साथ ही पूरे मकरहन, पूरे प्राण सिंह, पूरे देबाऊ और पार्वती का पुरवा सहित कई बस्तियों में भूमिगत पाइपलाइन भी बिछाई गई है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे पूरी योजना अधर में लटक गई है।<br>जानकारी के अनुसार, लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की इस परियोजना में अब तक करीब एक करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं। लेकिन, निर्माण एजेंसी को भुगतान का केवल एक चौथाई हिस्सा ही मिलने के कारण उसने आगे का काम रोक दिया है। परिणामस्वरूप, बोरिंग और पाइपलाइन का काम होने के बावजूद गांवों में जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।<br>ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने से उन्हें घर–घर शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय से काम बंद होने के कारण उन्हें निराशा हाथ लगी है। ग्रामीणों ने अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है।<br>ग्रामीण पुत्तीलाल यादव, राजू यादव, अंकुर पाल, विपिन रावत और पिंटू साहू ने बताया कि यदि पानी की टंकी का निर्माण और आपूर्ति व्यवस्था समय पर पूरी हो जाए, तो क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। | उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखंड डलमऊ की ऐहार ग्राम पंचायत में पूर्व से निर्मित ऐहार पेयजल योजना की अभिवर्षता आयु पूर्ण होने के उपरान्त ऐहार पेयजल योजना को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पुर्नगठन हेतु ऐहार पुर्नगठन ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त पेयजल योजना के अंतर्गत 07 ग्राम पंचायते व 12 राजस्व ग्राम सम्मिलित है। योजना के अंतर्गत 08 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 07 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण, 08 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 02 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, वितरण प्रणाली 50.54 कि0मी0 के सापेक्ष 52.00 कि0मी0 बिछायी जा चुकी है। 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 02 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण, 08 नग सोलर के सापेक्ष 02 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना पर अक्टूबर–2024 से धन आवंटन न होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है।<br>भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के समस्त कार्य माह दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराने हेतु समयावद्धि प्रदान की है।<br>अतः उक्त पेयजल योजना पर समस्त कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण कराते हुए जलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है। |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय
(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।
1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता